शैक्षणिक गतिविधियों को और दुरुस्त करने हेतु वर्चुअल बैठक

जबलपुर। 28 मई 2022 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशानुसार, विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त महाविद्यालय जिनमें पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर, महू, रीवा तथा मत्स्य महाविद्यालय जबलपुर के शैक्षणिक गतिविधियों को और दुरुस्त करने हेतु एक वर्चुअल बैठक का आयोजन अधिष्ठाता संकाय डॉक्टर एम.के. मेहता द्वारा किया गया। जिसमें समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं सभी विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोविड के बाद शैक्षणिक व्यवस्थाओं को पूर्व के समान सुचारू ढंग से चलाने हेतु किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं की उपस्थिति, टाइम टेबल अनुसार नियमित कक्षाओं का संपादन, उनके प्रैक्टिकल कक्षाओं का संपादन, उनके शैक्षणिक स्तर के सुधार के लिए समुचित मॉनिटरिंग आदि बिंदुओं पर निर्देश दिए गए जिससे कि समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाया जा सके, क्योंकि पूर्व में कोविड के दौरान लॉकडाउन की स्थिति में वर्चुअल माध्यम से हुई कक्षाओं तथा परीक्षा द्वारा छात्रों के ज्ञानार्जन में जो कमियां रह गई हैं उनको पूरा किया जा सके और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो छात्र परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं तथा डिग्री करने के बाद किसी भी क्षेत्र में नौकरी हेतु जाते हैं वे अपने क्षेत्र के संपूर्ण ज्ञान के साथ जाएं तथा सफलता प्राप्त करे।

छात्रों के ज्ञान को परखने हेतु समय–समय पर महाविद्यालय स्तर पर तथा विश्वविद्यालय स्तर पर मॉक टेस्ट के आयोजन का निर्णय लिया गया तथा एडवाइजरी सिस्टम को और अधिक सक्रिय बनाने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त अधिष्ठाताओं को यह आदेश दिया गया की विभागवार छात्र–छात्राओं की उपस्थिति एवं उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार आदि की निगरानी रखें तथा विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता संकाय को जानकारी देते रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर